मोर,राष्ट्रीय पक्षी

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है। मोर एक बहुत ही सुंदर, आकर्षक और जमीन पर रहने वाला पक्षी है। मोर को मयूर भी कहा जाता है। मोर की पंख बहुत ही आकर्षक होता हैं और मोर के पास बहुत सारे पंख होते हैं। मोर वैसे तो पंख नहीं फैलाता है लेकिन बसंत ऋतु और वर्षा ऋतु में मोर जब खुशी से नाचता है तो वह अपने सारे पंख फैला लेता है, पंख फैलाने के बाद मोर काफी सुंदर दिखता है। मोर का पंख सभी को पसंद आता है। मोर के पंख को सजावट का सा-मान के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कृष्ण भगवान अपने सिर पर मोर पंख लगाते थे जो सभी लोगों को बहुत ही लुभाता है। मोर का पंख बच्चों को भी बहुत ज्यादा पसंद है, कई बच्चे मोर के पंख को अपनी किताबों में रखते हैं। पु-राने जमाने में कालिदास भी मोर के पंख से लिखा करते थे।

Class iii-B

मोर ज्यादातर जंगलों में रहता हैं और वह जमीन पर ही रहता हैं, मोर घोंसला नहीं बनाता है। मोर को सांप खाना बहुत पसंद है। मोर को देखते ही लोगों का मन खुश हो जाता है। मोर का पंख इतना सुंदर होता है कि उसका जवाब नहीं, लगता है मानो कोई बहुत बड़े कलाकार ने मोर के पंख की सजावट की है। नर मोर के कई पंख होते हैं जिसे सभी लोग पसंद करते हैं। मादा मोरनी के पंख नहीं होते हैं। बहुत सारे गहने भी मोर के पंख की तरह दिखने वाले बनाए जाते हैं। कई सारे कुर्सियों के पीठ वाला हिस्सा मोर पंख के डिजाइन में बनाया जाता है, लोगों को यह देखने में बहुत सुंदर लगता है। मोर को पक्षियों का राजा भी कहा जाता है। नर मोर के सिर पर बड़ी सी कलंगी बना होता है जो देखने में मुकुट की तरह होता है, मोर दिखने में सही में एक राजा की तरह होता है। मोर सिर्फ भारत का ही राष्ट्रीय पक्षी नहीं है, वह म्यानमार का भी राष्ट्रीय पक्षी है।